.

# भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
# राज्य मुख्यालय, भोपाल म.प्र. ।

## सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की समीक्षा बैठक दिनांक 10 दिसंबर 2010 का

## <u>कार्यवाही विवरण</u>

**भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश के संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक दिनांक 10 दिसंबर 2010 को राज्य मुख्यालय, भोपाल में आयोजित हुई बैठक में राज्य मुख्यालय के निम्न पदाधिकारियों द्वारा समीक्षा की गई–**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री प्रकाश दिसौरिया | राज्य सचिव |
| 02. | श्री आर.एस.तिवारी | विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी |
| 03. | डॉ0 बलवान सिंह | परियोजना संचालक (स्काउट / गा.) |
| 04. | श्रीमती चन्द्रकांता उपाध्याय | एस.ओ.सी. (गाइड) |
| 05. | श्री डी.पी. मिश्रा | एस.ओ.सी. (स्काउट) |

**राज्य मुख्यालय द्वारा पूर्व में भेजे गये एजेंडा के बिंदुओं अनुसार बैठक प्रातः 09.00 प्रारंभ हुई ।**

**<u>क्र. 01 (अ) 20 प्रपत्र की एवं अन्य जानकारी</u>**

**<u>बिंदु क्र.01 :–</u>** 20 प्रपत्रों की अद्यतन जानकारी जो संभागों द्वारा प्रस्तुत की गई वह ठीक नहीं है। अतः प्रत्येक बैठक में जानकारी अद्यतन कर प्रस्तुत की जावे ।
**<u>निर्णय</u> :– प्रतिमाह बैठक में जानकारी अपडेट कर प्रस्तुत की जावे ।**
**<u>बिंदु क्र.02:–</u>** संभागों के अर्न्तगत जिलों में पंजीयन की विगत वर्षों की राशि तथा इस वर्ष की राशि अत्यधिक लंबित है जिसको राज्य मुख्यालय भिजवाने के साथ प्रयास नहीं किये गये ।
**<u>निर्णय</u> :– प्रतिमाह बैठक में जिलेवार पंजीयन की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की जावे ।**
**<u>बिंदु क्र.03:–</u>** गोद दलों की प्रति जिला 20 दलों की सूची संभागों द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई ।
**निर्णय :– सूची 15 दिवस में राज्य मुख्यालय को प्रस्तुत की जावे ।**
**<u>बिंदु क्र.04 :–</u>** स्काउट–गाइड एडवांसमेंट बाबत् जानकारी ।
**<u>निर्णय</u> :– प्रतिमाह बैठक में जानकारी अपडेट कर प्रस्तुत की जावे ।**
**<u>बिंदु क्र.05 :–</u>** जिले वार वयस्क प्रशिक्षण की स्थिति तथा जिलों में उपलब्ध बेसिक, एडवांस, हिमालय वुड बैज, प्री ए.एल.टी. की अद्यतन सूची की जानकारी अप्राप्त ।
**निर्णय :– 20 दिसंबर 2010 तक जानकारी भेजने के निर्देश दिये गये । आज दिनांक 15.01.11 तक जानकारी अप्राप्त है । जानकारी अपडेट कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जावे ।**

<u>क्र. 01 (ब) घटकवार स्काउट एंव गाइड कैंप (नियमित)</u>

**<u>बिंदु क्र.01 :–</u>तृतीय सोपान स्काउट–गाइड प्रशिक्षण शिविर (नियमित)**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | भोपाल संभाग– | भोपाल और विदिशा में हो गये हैं, राजगढ़ और सीहोर में नही हुआ हैं। |
| 02. | इन्दौर संभाग– | इन्दौर संभाग में कहीं नही हुये हैं। |
| 03. | उज्जैन संभाग– | उज्जैन और देवास में हो गये हैं। शेष में नही हो रहे हैं। |
| 04. | होशंगाबाद संभाग– | हरदा और होशंगाबाद में हो गये हैं बैतूल में नही हुआ हैं। |
| 05. | शहडोल संभाग– | उमरिया और शहडोल में नही हो रहा हैं। |

06. ग्वालियर संभाग– ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर में चल रहा हैं। संख्या 65 थी। दो जिलो में होना शेष हैं।
07. सागर संभाग– 02 जिलों सागर औंर दमोह में हो गये है ।
08. रीवा संभाग– सिंगरौली को छोड़कर बाकी 3 जिलों में हो गया हैं।
09. मुरैना संभाग– –
10. जबलपुर संभाग– –

सभी संभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि 20 दिसंबर तक रिपोर्ट/प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भेजे ।

**निर्णय :– 20 दिसंबर 2010 तक जानकारी भेजने के निर्देश दिये गये । आज दिनांक 15.01.11 तक जानकारी अप्राप्त है । जानकारी अपडेट कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जावे ।**

## बिंदु क्र.02 :–तृतीय सोपान जाँच शिविर

01. जबलपुर संभाग– तृतीय सोपान जांच शिविर जबलपुर में हो गये हैं।
02. इन्दौर संभाग– इन्दौर संभाग में हो गये हैं।
03. होशंगाबाद संभाग– होशंगाबाद में चल रहा हैं।
04. शहडोल संभाग– तृतीय सोपान स्काउट–गाइड जांच शिविर नहीं हो रहे हैं।
05. रीवा संभाग– रीवा में तृतीय सोपान जांच शिविर कार्यक्रम हो गया हैं।
06. भोपाल संभाग– तृतीय सोपान जांच शिविर भोपाल में नही हो रहे हैं।
07. मुरैना संभाग– नही हो रहे हैं।
08. सागर संभाग– सागर संभाग में तृतीय सोपान जांच शिविर 15–19 नवम्बर को हो गया हैं।
09. ग्वालियर संभाग– नही हो रहे हैं।
10. उज्जैन संभाग– –

**निर्णय : सभी संभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि 20 दिसंबर तक रिपोर्ट/प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भेजे ।**

**बिंदु क्र.03 :–तृतीय चरण रजत पंख जांच शिविर**:– किसी भी संभाग में नही हुये हैं।

**निर्णय :– कैंप शीघ्र आयोजित कर राज्य मुख्यालय को अवगत करावे ।**

## बिंदु क्र.04 :–प्रवीण रोवर–रेन्जर जांच शिविर

01. उज्जैन संभाग– उज्जैन में हो गया हैं। शेष संभागों में नही हो रहे हैं। तृतीय सोपान जांच शिविर के प्रतिवेदन 25.12.10 तक आ जायेगें।

**बिंदु क्र.05 :–जिला स्तरीय कार्यक्रम (माह नवम्बर के कार्यक्रम)** :– किसी भी संभाग में सम्पन्न नही हुये हैं।

**निर्णय :– भविष्य में ध्यान रखा जावे एवं राज्य मुख्यालय से संपर्क कर वस्तुस्थिति से अवगत करावे ।**

## बिंदु क्र.06 :–पेट्रोल लीडर कैम्पूरी

01. इन्दौर संभाग– इन्दौर, खरगौन, झाबुआ आयें थें।
02. उज्जैन संभाग– उज्जैन, देवास, मन्दसौर ने भाग लिया।
03. रीवा संभाग– रीवा, सीधी और सतना में हो गया हैं संख्या 56 थी।
04. सागर संभाग– सागर, छतरपुर में 37 की उपस्थिति रही।
05. ग्वालियर संभाग– उपस्थित संख्या 60
06. रीवा संभाग– रीवा में हो गया हैं, 1 से 7 में हो गया हैं। संख्या 26 थी संचालक श्रीमती द्रोपती गुप्ता रही। सिंगरौली में 24 से 30 नवम्बर को हैं दिनांक 12 या 13 दिसंबर को प्रतिवेदन राज्य मुख्यालय भेज दिया जावेगा ।
07. होशंगाबाद संभाग– प्रस्ताव अप्राप्त हैं।
08. मुरैना संभाग– मुरैना संभाग प्रस्ताव अप्राप्त हैं।

09. ग्वालियर संभाग– ग्वालियर संभाग से कैम्प का प्रस्ताव अप्राप्त है। (ए.एस.ओ.सी. का कहना है, कि प्रस्ताव भेज दिये गये हैं किन्तु राज्य मुख्यालय में अप्राप्त हैं)

10. शहडोल संभाग–

**<u>निर्णय</u> :सभी संभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि 20 दिसंबर तक रिपोर्ट/प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भेजे और भविष्य में जाँच शिविर संभाग स्तर पर संभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में करें।**

**<u>बिंदु क्र.07 :–फ्लाक लीडर कैंप के प्रस्ताव</u>**

01. जबलपुर संभाग– कैम्प हो गये हैं संख्या 35 थी।
02. सागर संभाग– सागर संभाग में फ्लॉक लीडर का कैम्प नही हुआ हैं।
03. रीवा संभाग– रीवा का कैम्प निरस्त हो गया हैं।
04. शहडोल संभाग– शहडोल में दिनांक 13 से होना हैं।
05. ग्वालियर संभाग–फ्लॉक लीडर में संख्या 13 थी संचालक श्रीमती साधना अग्निहोत्री।
06. इन्दौर संभाग– कैम्प दिनांक 13.12.10 से 19.12.10 तक होगें।
07. मुरैना संभाग– बेसिक फ्लॉक लीडर 1 से 7 तक उपस्थित 16 रही। प्रतिवेदन दिनांक 25 तक भेज देगें।
08. होशंगाबाद संभाग– 13 से होना हैं।
09. भोपाल संभाग– 20.12.10 से 26.12.10 तक होगें।
10. उज्जैन संभाग–

सभी संभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि 20 दिसंबर तक रिपोर्ट/प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भेजे ।

**<u>बिंदु क्र.08 वयस्क कार्यकम</u>**

01. जबलपुर संभाग– जबलपुर, मण्डला और सिवनी निरंक हैं।
02. इन्दौर संभाग– सभी कैम्प हो गये, प्रतिवेदन अप्राप्त हैं।
03. उज्जैन संभाग– उज्जैन, मन्दसौर और रतलाम की लक्ष्य पूर्ति नही हुई हैं। जी.आई. कोर्स नहीं हुये हैं।
04. होशंगाबाद संभाग– होशंगाबाद और बैतूल की लक्ष्य पूर्ति नही हुई हैं। हरदा की हो गई हैं।
05. शहडोल संभाग– केवल 4 प्रतिवेदन प्राप्त हैं।
06. रीवा संभाग– 16 से कैम्प हैं।
07. भोपाल संभाग– राजगढ़, सीहोर में कैम्प होना बाकी हैं शेष 4 जिलों में कैम्प हो गये हैं।
08. मुरैना संभाग– मुरैना संभाग में कैम्प हो गये हैं प्रतिभागी संख्या 28 थी।
09. सागर संभाग– सागर संभाग में लक्ष्य पूर्ति नही हुई हैं तथा प्रतिवेदन भी अप्राप्त हैं।
10. ग्वालियर संभाग– दतिया में हो गया हैं, प्रतिवेदन भी साथ लाये हैं। अशोक नगर में भी हो गये हैं, 32 लोग उपस्थित थे, ग्वालियर तथा शिवपुरी का साथ में हुआ 15 लोग उपस्थित थे, गुना में कैम्प नही हुआ हैं।

**<u>निर्णयः–</u>सभी संभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि 20 दिसंबर तक रिपोर्ट/प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भेजे ।**

**<u>क्र. 02 जंबूरी सूची</u>**

डॉ बलवान सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर (स्काउट/गाइड) ने अवगत कराया कुछ संभागों ने सूची भेजी है कुछ की कुछ जिलों की सूची नहीं है । इंदौर की सूची नहीं है, उज्जैन की सूची अपूर्ण है । देवास, नीमच की सूची में जन्मतिथि नहीं है । सागर में मिडिल स्कूल की सूची अपूर्ण है । अतः सभी संभाग पूर्ण सूची 15 दिसंबर तक अनिवार्यतः भेजे ।

**<u>क्र. 03 मासिक कार्य योजना प्रतिवेदन</u>**

निर्देश दिये गये कि मसिक कार्य योजना जो भी तैयार किये जाती है उसमें दिये गये 05 बिंदु सम्मिलित हो एवं प्रतिवेदन बिन्दुवार तैयार कर भेजा जावे ।

**क्र. 04 पंजीयन**– कुछ संभागों ने लक्ष्य अनुसार पंजीयन राशि भेजने के की जानकारी प्रस्तुत नहीं की। निर्देश दिये गये एवं पूर्व वर्षो की राशि भी अतिशीघ्र भेजी जावे ।

**निर्णयः–सभी संभागो को लक्ष्य अनुसार पंजीयन राशि भेजने के निर्देश दिये एवं पूर्व वर्षों की राशि भी अतिशीघ्र भेजी जावे जिसकी प्रतिमाह समीक्षा की जावेगी ।**

**क्र. 05 चार्टर एवं वारंट (नियुक्ति पत्र) जारी होने की जिलेवार स्थिति** – अद्यतन जानकारी अप्राप्त ।

**निर्णयः–नियमित रूप से चार्टर एवं वारंट जारी करते हुये उनका समय–2 पर नवीनीकरण किया जावे ।**

**क्र. 06 भवन/सम्पत्ति** –

निर्देश दिये गये कि जिन जिला संघ में भूमि नही हैं, वहा भूमि की व्यवस्था की जायें। तथा ट्रेनिंग सेन्टर हेतु नई कार्य योजना तैयार की जायें।

मुरैना – मुरैना ट्रेनिंग सेन्टर नहीं हैं।

जबलपुर – कटनी तथा सिवनी में हैं, अन्य जिलों में ट्रेनिंग सेन्टर नही हैं।

अन्य संभागों से जानकारी अप्राप्त है ।

**निर्णयः–सभी संभागीय अधिकारी आगामी बैठक में जानकारी लेकर आवे ।**

**क्र. 07 पत्रिका**

पत्रिका बालचर रवि की सदस्यता के बारे में चर्चा करने पर निम्न संभागीय अधिकारियों से निम्न जानकारी प्राप्त हुई ।

| | संभागीय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी | | राज्य मुख्यालय में दर्ज जानकारी माह जनवरी 11 तक | |
|---|---|---|---|---|
| संभाग/जिले | वार्षिक सदस्य | आजीवन सदस्य | वार्षिक सदस्य | आजीवन सदस्य |
| **भोपाल संभाग–** | | | | |
| भोपाल | 19 | 28 | 28 | 28 |
| सीहोर– | 19 | 01 | 25 | 01 |
| विदिशा– | 65 | 00 | 65 | 00 |
| राजगढ़– | 00 | 01 | 00 | 01 |
| रायसेन– | 02 | 09 | 22 | 09 |
| **ग्वालियर संभाग–** | | | | |
| ग्वालियर | 159 | 35 | 278 | 40 |
| दतिया | 154 | 32 | 154 | 23 |
| गुना | 00 | 87 | 00 | 87 |
| अशोकनगर | 39 | 01 | 39 | 01 |
| शिवपुरी | 49 | 03 | 49 | 03 |
| **इन्दौर संभाग–** | | | | |
| इन्दौर | 63 | 37 | 134 | 37 |
| धार | 85 | 11 | 80 | 12 |
| खरगौन | 120 | 21 | 273 | 39 |
| बड़वानी | 01 | 03 | 01 | 03 |
| अलीराजपुर | 00 | 00 | 00 | 00 |
| बुरहानपुर | 00 | 00 | 23 | 00 |
| खण्डवा | 00 | 04 | 00 | 04 |
| **रीवा संभाग–** | | | | |
| रीवा | 00 | 07 | 00 | 07 |
| सीधी | 00 | 00 | 19 | 03 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सतना | 120 | 23 | 120 | 24 |
| सिंगरौली | 00 | 00 | 00 | 00 |
| **मुरैना / चम्बल–** | | | | |
| मुरैना | 296 | 18 | 296 | 18 |
| श्योपुर | 98 | 02 | 98 | 02 |
| भिण्ड | 05 | 14 | 05 | 09 |
| **सागर संभाग–** | | | | |
| सागर | 46 | 74 | 62 | 74 |
| दमोह | 167 | 18 | 167 | 18 |
| पन्ना | 16 | 19 | 16 | 19 |
| छतरपुर | 210 | 53 | 210 | 53 |
| टीकमगढ़ | 01 | 63 | 05 | 64 |
| **शहडोल संभाग–** | | | | |
| शहडोल | 34 | 13 | 75 | 16 |
| उमरिया | 00 | 02 | 00 | 02 |
| डिण्डोरी | 309 | 02 | 309 | 02 |
| अनूपपुर | 54 | 00 | 54 | 00 |
| **जबलपुर संभाग–** | | | | |
| जबलपुर | 00 | 07 | 16 | 07 |
| कटनी | 00 | 01 | 50 | 01 |
| सिवनी | 85 | 10 | 85 | 10 |
| मण्डला | 00 | 01 | 00 | 01 |
| नरसिंहपुर | 39 | 15 | 39 | 15 |
| छिन्दवाड़ा | 36 | 00 | 99 | 03 |
| बालाघाट | 00 | 34 | 00 | 34 |
| **उज्जैन संभाग–** | | | | |
| उज्जैन | 307 | 13 | 192 | 23 |
| रतलाम | 11 | 00 | 01 | 00 |
| शाजापुर | 55 | 31 | 103 | 31 |
| मंदसौर | 06 | 02 | 06 | 02 |
| देवास | 109 | 11 | 109 | 11 |
| नीमच | 00 | 01 | 00 | 01 |

**निर्णयः–** **पत्रिका सदस्यता वृद्धि हेतु विशेष प्रयास किये जावे इस हेतु विज्ञापन प्राप्त किये जावे एवं प्रतिमाह पत्रिका में कितने सदस्यों की वृद्धि की गई अवगत करावे तथा राज्य मुख्यालय की सदस्य संख्या से मिलान कर निर्धारित प्रपत्र पर माह जनवरी 2011 की आगमी बैठक में जानकारी प्रस्तुत करें ।**

## (08) गोद लिये गाँवों की सूची बाबत् :–

**भोपाल** – 04 जिलों की सूची आई है । राजगढ़ की शीघ्र भेज देवेंगे ।
**रीवा** – सूची नहीं आई है । 13 दिसंबर 10 तक भिजवाने का ए एस ओ सी ने कहा ।
**मुरैना–** सूची तैयार नही थी । ए एस ओ सी को निर्देश दिये गये कि वह 15 दिन शिवपुरी व 15 दिन भिंड में रहेंगे। (संभाग के सभी जिला संगठन आयुक्त को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जावे ।) ।

**सागर** – अवगत कराया कि कार्यालय में श्रीमती ज्योति खानझोडे के पास जमा कराई गई है ।
**ग्वालियर**–अशोक नगर एवं दतिया की प्राप्त होना शेष है ।
**शहडोल** – सूची दे दी गई है ।
**होशंगाबाद**– बैतूल की सूची रह गई है ।
**उज्जैन** – अप्राप्त 15 दिसंबर तक भेजने की जिम्मेदारी ए एस ओ सी ने ली ।
**इंदौर** – अलीराजपुर की शेष रह गई है । जिसे 15 दिसंबर तक भेजेंगे ।
**जबलपुर** – किसी भी जिले की सूची प्राप्त नहीं हुई ।

**निर्णयः–सभी सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को निर्देश दिये गये कि सूची प्राप्त होने के बाद ही जिला संगठक (स्काउट/गाइड) को वेतन जारी किया जावे । अभी उन्हें कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये जावे । सभी सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) सूची ई मेल से/हार्ड कापी भेजे ।**

**(09) लेखा कक्ष सम्बन्धी जानकारी :**–लेखाधिकारी द्वारा कैंप समायोजन सम्बन्धी राशि के लेजर सभी सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को वितरित किये गये और कोई अवगत कराया गया कि इसका पूर्णतः मिलान कर 15 दिवस में अवगत करावें अन्यथा इस लेजर को सही मानकर समायोजन कर दिया जावेगा ।
**निर्णयः–आगामी बैठक तक संपूर्ण मिलान कर केशबुक के अंतिम पृष्ठ की प्रमाणित छाया प्रति साथ लेकर आवें।**

## (10) भंडार :–

डॉ रमाशंकर तिवारी, ओ.एस.डी., एवं सयुंक्त सचिव ने चर्चा करते हुये कहा कि
(1) भोपाल जिले को छोड़कर अन्य से भंडार सामग्री की डिमांड नहीं के बराबर आ रही है । ए.एस.ओ.सी. मुरैना ने कहा कि सामग्री नहीं पहूँची है उन्हें अवगत कराया गया कि भिंड एवं श्योपुर की डिमांड पूरी नहीं हुई ग्वालियर ए.एस. ओ.सी. ने अवगत कराया कि उन्होंने 08 दिसंबर को मांगपत्र भेजा है ।

सभी को निर्देश दिये गये कि कोशिश करे कि अधिकतम सामग्री की मांग राज्य मुख्यालय को प्राप्त हो साथ ही अग्रिम राशि भी भेजी जावे । ऐसे निर्देश डी.ओ.सी. को भी दिये जावें । पैंडिग सामग्री शीघ्र ही सभी जिलों को भेजी जा रही है ।

## परियोजना कक्ष

### (01) राज्य शिक्षा केन्द्र के प्रोजेक्ट :–

**(अ) कब बुलबुल, स्काउट–गाइड पंजीकृत दल :–** चर्चा प्रारंभ करते हुये डॉ बलवान सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर (स्काउट/गाइड) ने अवगत कराया कि सभी संभागों से पंजीकृत दलों की सूची चाही गई थी केवल 32 जिलों की सूची प्राप्त हुई है । 08 जिलों की मात्र विकाखंडवार प्राप्त हुई है । जबकि समस्त जिलों की विकासखंड वार सूची भेजी जानी चाहिये थी ।
**भोपाल संभाग–** ए.एस.ओ.सी. ने अवगत कराया कि कुछ ही जिलों की सूची मिली है एवं विकासखंड वार सूची नहीं मिली । विदिशा की प्राप्त जानकारी में अतंर है । सीहोर, राजगढ़ जिले की सूची अप्राप्त है । रायसेन की सूची ब्लाकवार नहीं है ।
डॉ सिंह ने कहा कि पंजीकृत दलों की सूची मेरे कक्ष से प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करें । सूची की आवश्यकता चार्टर जारी करने हेतु भी होगी । इस कार्य हेतु भोपाल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक का समय दिया गया ।
**इंदौर संभाग** – ए.एस.ओ.सी. ने अवगत कराया कि खंडवा छोड़कर अन्य जिलों की जानकारी प्रदान की गई है । उन्हें अवगत कराया कि कुछ अन्य जिलों की भी जानकारी अप्राप्त है तथा प्राप्त जानकारियाँ विकासखंड वार नहीं है । दो जिलों की अधूरी है। इस कार्य हेतु सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) को दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक का समय दिया गया।
**उज्जैन संभाग** – ए.एस.ओ.सी. ने अवगत कराया कि तीन जिलों की सूचियाँ भेजी गई है कुछ जिलों की सूची अप्राप्त है कुछ की विकासखंड वार नहीं मिली है । इसी प्रकार कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड की अलग–2 सूची नहीं है । सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) ने कहा कि नीमच एवं रतलाम जिलों की सूची 15 तारीख तक राज्य मुख्यालय को भेज दी जावेगी तथा मंदसौर में कोई सहायक की व्यवस्था एवं उपलब्ध नहीं होने से वहाँ की जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है ।
**ग्वालियर संभाग** – –सहायक राज्य संगठन आयुक्त–स्काउट ने अवगत कराया कि सभी जिलों की सूची भेज दी है । अशोकनगर की विकासखंड वार नहीं होने से इसे संशोधित कर 15 दिसंबर तक भेज दी जावेगी ।

**सागर संभाग** – पन्ना की सूची आई है सागर की सूची में दो विकासखंड छूटे हुये हैं एवं अधूरी है । 02–03 जैसे टीकमगढ़–छतरपुर, दमोह जिलों की सूची अप्राप्त है । सूची सम्बन्धी कार्य हेतु सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) को दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक का समय दिया गया ।
**शडहोल संभाग** – ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि सभी जिलों की सूची आज ही कंपलीट कर कार्यालय में जमा कर दी गई है । उन्हें डिंडौरी की सूची चैक करने के निर्देश दिये गये ।
**ज्बलपुर संभाग** – – ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि सभी जिलों की सूची भेज दी गई है । उन्हें निर्देश दिये गये कि जबलपुर जिला छोड़कर किसी भी जिले की सूची विकासखंड वार नहीं है । अतः दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक सूची अनिवार्यतः राज्य मुख्यालय भेजे ।
**मुरैना संभाग** –– ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि सूचियाँ विकासखंड वार अप्राप्त है । अतः दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक विकासखंड वार सूची अनिवार्यतः राज्य मुख्यालय भेजने के निर्देश दिये गये ।

**निर्णयः–सभी सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को निर्देश दिये गये कि सभी जिलों की सूची विकासखंड वार दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक अनिवार्यतः राज्य मुख्यालय को भेजे।**

## (ब) कब–बुलबुल हॉलीडे कैंप ,:–

**(1) मुरैना संभाग – –** 16 कैंप होने थे । ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि 02–03 कैंप हुये है । सूची अप्राप्त है । निर्देश प्रदान किये गये कि मुरैना संभाग में 03 डी.ओ.सी. है उसके बावजूद कार्य नहीं हुआ । अतः 15 दिसंबर 2010 तक जितने कैंप हो जावें कर रिपोर्ट भेजे । उसी के बाद आगे का कार्यक्रम तय होगा ।
**(2) ग्वालियर संभाग –** ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि ग्वालियर में 24 में से 12 कैंप हुये हैं बाकी चल रहे हैं रिपोर्ट नहीं भेजी गई । अतः उन्हें निर्देश दिये गये कि दिनांक 15 दिंसबर तक होने वाले कैंप की रिपोर्ट दिनांक 16 दिसंबर को अनिवार्यतः भेजे ।
**(3) उज्जैन संभाग –** अभी तक 09 कैंप हुये हैं । अतः निर्देश दिये गये कि 15 दिसंबर 2010 तक जितने कैंप हो जावें कर रिपोर्ट भेजे । उसी के बाद आगे का कार्यक्रम तय होगा ।
**(4) इंदौर संभाग –** अभी तक 06 कैंप हुये हैं । लगभग 50 कैंप बाकी है । झाबुआ से राशि वापस प्राप्त हो गई है जिसे पुनः भेजा है । दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक जितने कैंप हो जावें कर रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिये गये ।
**(5) भोपाल संभाग –** अभी तक 09 कैंप हुये हैं एवं दिनांक 15 दिसंबर तक अधिकतर कैंप हो जावेंगे । ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि दिनांक 15 दिसंबर तक समस्त रिपोर्ट भेज दी जावेगी ।
**(6) होशंगाबाद संभाग –** अभी तक 03 कैंप हुये हैं । ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि दिनांक 15 दिसंबर तक समस्त रिपोर्ट भेज दी जावेगी ।
**(7) सागर संभाग –** अभी तक 06–08 कैंप हुये हैं । ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि दिनांक 15 दिसंबर तक समस्त रिपोर्ट भेज दी जावेगी ।
**(8) जबलपुर संभाग – –** ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि 26 कैंप हो गये है । । ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि दिनांक 15 दिसंबर तक समस्त रिपोर्ट भेज दी जावेगी ।
**(9) शडहोल संभाग –** ए.एस.ओ.सी. (स्काउट) ने अवगत कराया कि 19 में से 18 कैंप हो गये है शहडोल का एक कैंप बाकी रहा है । 18 कैंप की रिपोर्ट कार्यालय में दी जा चुकी है ।
**(10) रीवा संभाग – –** कुल 25 आवंटित कैम में में से 03 कैंप होना शेष है । ए.एस.ओ.सी. (गाइड) ने अवगत कराया कि दिनांक 15 दिसंबर तक समस्त रिपोर्ट भेज दी जावेगी ।
**निर्णयः–सभी सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को निर्देश दिये गये कि सभी जिलों की सूची विकासखंड वार दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक अनिवार्यतः राज्य मुख्यालय को भेजे।**
प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ बलवान सिंह ने ध्यान आकृष्ट कराया कि सूचना प्राप्त हुई है कि कैंपों का राशि का भुगतान नकद में हो रहा है अतः इस हेतु जिले या डी.ओ.सी. या शिविर संचालकों को चैक जारी किये जावे।

## (स) द्वितीय चरण रजत पंख कैंप

**मुरैना– –** 14 से 18 दिसंबर तक होना प्रस्तावित है । श्योपुर एवं मुरैना में कैंप चल रहे हे ।
**ग्वालियर –** 84 कब एवं 60 बुलबुल के कैंप की अनुमति थी । अशोकनगर, शिवपुरी में कैंप चल रहे हैं जो दिनांक 13 दिसंबर तक चलेंगे । गुना में दिनांक 15 से 19 दिसंबर तक होना है । एवं ग्वालियर में दिनांक 17 से 22 दिसंबर तक कैंप चलेगा । दतिया के बच्चों को ग्वालियर बुलाया गया है ।
**उज्जैन– –** दिनांक 09 से 13 दिसंबर तक कैंप चल रहा है । दो जगह कैंप चल रहे हैं ।

**इंदौर –** द्वितीय चरण का कैंप में 25 कब 35 बुलबुल का धार जिले में 02 दिसंबर से 06 दिसंबर तक हो चुका है । इंदौर का कैंप प्रस्तावित है । 131 प्रतिभागी है जिसमें धार जिला भी सम्मिलित है । शेष जिलों में द्वितीय चरण रजत पखं के बच्चे नहीं है ।
**भोपाल– –** कोई कैंप नहीं आयोजित हुये । सभी अशासकीय स्कूलों की सूची है ।
**होशंगाबाद – –** ए एस ओ सी ने अवगत कराया कि 105 बच्चों के कैंप की अनुमति हैं । सूची पर राज्य मुख्यालय से आपत्ति थी ।
**सागर– –** 25 कब – 24 बुलबुल का दिनांक 17 से 21 दिसंतर तक कैंप प्रस्तावित है ।
**जबलपुर ––** नरसिंहपुर–जबलपुर में द्वितीय चरण के कैंप हो गये है । दिनांक 01 से 05 दिसंबर तक 43 की संख्या का कैंप हुआ है ।
**शहडोल – –**01 से 05 दिसंबर तक अनूपपुर में कैंप हुआ है । एवं 19 से 23 दिसंबर तक डिंडौरी में कैंप होना है।

**रीवा – 15 से 16 दिसम्बर में गोविंदपुर (सतना) में होना है ।**
**<u>निर्णयः</u>–सभी सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को निर्देश दिये गये कि सभी शिविर दिनांक 15 दिसंबर 2010 तक आयोजित कर प्रतिवेदन अनिवार्यतः राज्य मुख्यालय को भेजे।**

## (द)<u>तृतीय चरण कैंप के प्रस्ताव</u>

प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ बलवान सिंह ने जानकारी दी कि अभी रीवा, सागर, चंबल (मुरैना), शहडोल के प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं । शहडोल में तिथि तय नहीं हुई है । रीवा संभाग के अंतर्गत सतना में दिनांक 20 से 24 दिसंबर में कैंप होगा । सागर में दिनांक 17 से 24 दिसंबर में होना प्रस्तावित है । श्री सिंह ने कहा कि द्वितीय चरण कैंप के लिये प्रशिक्षण का आप्शन दिया था । यदि इसी महीने कैंप कर सके तो प्रस्ताव देवें । 30 नवंबर तक उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजा जाना था तो आपके द्वारा देरी से नहीं भेज पाये । अतः 01 माह का समय लिया गया था अन्यथा राशि लैप्स हो जावेगी ।

## (य)<u> द्वितीय सौपान शिविर</u>

**ग्वालियर –** ग्वालियर संभाग में दतिया में दिनांक 17–21 दिसंबर तक कैंप प्रस्तावित है । दतिया की लिस्ट आज दी है। गुना एवं अशोकनगर में दिनांक 15 से 19 दिसंबर में होना है । शिवपुरी का कैंप चल रहा है जो कि दिनांक 07 दिसंबर से प्रारंभ होकर 11 दिसंबर को समाप्त होना है ।
**चंबल –**
**उज्जैन –** उज्जैन में 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक है ।देवास में 25 स्काउट गाइड का द्धितीय सोपान का कैंप चल रहा है ।
**सागर –** सूची 12 दिसंबर तक भेजने का कहा है ।
**जबलपुर –** कैंप चल रहे हैं ।
**शहडोल –** सभी कैंप साथ में चल रहे हैं । निर्देश दिये गये कि अवगत करावें कि 30 दिसंबर तक कितने हो जावेंगे ।
**रीवा –** रीवा में 20 दिसंबर से कैंप आयोजित होगा । सतना में दिनांक 20 से 24 दिसंबर में है । सीधी का कैंप हो गया है । रिपोर्ट नहीं भेजी गई है ।

## (फ)<u> तृतीय सौपान शिविर</u>

**चंबल–** 100 स्काउट–गाइड के कैंप का प्रस्ताव है जो शीघ्र आयोजित होने वाला है ।
**उज्जैन –** अमलेटा में 03 गाइड और 07 स्काउट का कैंप हो गया है । इन्हें आगामी कैंप देवास में रखने का सुझाव दिया गया ।
**इंदौर –** ए एस ओ सी ने अवगत कराया कि सूची अपूर्ण होने के कारण राज्य मुख्यालय से वापस आ गई थी ।

डॉ बलवान सिंह ने उन्हें अवगत कराया कि जो सूची आपको वापस की गई थी वह अनुसूचित जाति विभाग के बच्चों की थी ।
**ग्वालियर –** ए एस ओ सी ने अवगत कराया कि सूची आज दिनांक 10.12.2010 को कार्यालय में जमा कर दी गई है ।
**भोपाल –** दिनांक 20 से 24 दिसंबर 2010 तक विदिशा में कैंप होना है ।
**होशंगाबाद –** कैंप नहीं हुये हैं । 89 की संख्या के कैंप की अनुमति थी । परन्तु प्राइवेट स्कूल की सूची थी अतः कैंप नहीं किये गये ।डॉ बलवान सिंह ने उन्हें प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये ।
**सागर–** कैंप गौर नगर में प्रस्तावित है ।

**जबलपुर–** रिवाईज सूची आई थी जिसे राज्य मुख्यालय द्वारा स्वीकृति दी गई थी ।
**शहडोल –** दिनांक 20 से 24 दिसंबर तक कैंप प्रस्तावित है ।
**रीवा –** दिनांक 25 से 29 दिसंबर तक कैंप प्रस्तावित है ।

**(ह) बैसिक प्रशिक्षण (कब मास्टर, स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टिन एवं फ्लाक लीडर, बेसिक प्रशिक्षण)**

**भोपाल संभाग –** दिनांक फ्लाक लीडर का दिनांक 20 से 24 दिसंबर 2010 तक प्रशिक्षण कैंप आयोजित होना है ।
**इंदौर संभाग –** स्काउट मास्टर का कैंप चल रहा है । एक कैंप दिनांक 13–19 दिसंबर में कालाकुंड में हैं ।
**ग्वालियर संभाग –** दिनांक 16 से 22 दिसंबर में चारो कैंप होना है ।
**जबलपुर संभाग –** दिनांक 08 से 14 दिसंबर तक कैंप है । दिनांक 09 से 15 में कब मास्टर का कैंप चल रहा है।
**रीवा संभाग –** अधिकतर कैंप हो गये हैं । गाईड कैप्टिन का कैंप दिनांक 26 दिसंबर से है । रिपोर्ट 20 दिसंबर तक भेज देंगी ।
**सागर संभाग –** दिनांक 21 से 27 दिसंबर तक सभी कैंप आयोजित होंगे ।
**शहडोल संभाग –** दिनांक 13 से 20 दिसंबर में कैंप आयोजित होंगे ।
**मुरैना संभाग –** 01 कैंप हो गया है (दिनांक 15–21 नंवबर में ) 01 कैंप दिनांक (01 – 07 दिसंबर में हो गया) रिपोर्ट भेजना शेष है । जिसे शीघ्र भेजने के निर्देश दिये गये ।
**उज्जैन संभाग –** 01 से 07 दिसंबर 2010 तक कैंप हुआ । फ्लाक लीडर का कैंप दिनांक 13 से 17 दिसंबर 2010 तक है ।
**होशंगाबाद संभाग –** दिनांक 13 से 19 दिसंबर तक कैंप प्रस्तावित है ।

**(02) जन जागरण रैली**

01. जबलपुर संभाग– कुल 35 के लक्ष्य में से 22 के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके हैं । शेष 13 के प्रतिवेदन अप्राप्त है ।
02. इन्दौर संभाग– कुल 40 के लक्ष्य में से 17 के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके हैं । शेष 23 के प्रतिवेदन अप्राप्त है ।
03. उज्जैन संभाग– कुल 30 रैली करनी थी, 21 के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके हैं । 09 बाकी हैं।
04. होशंगाबाद संभाग– कुल 15 रैली करनी थी, 07 रैली हो चुकी है । 08 के प्रतिवेदन प्राप्त होना बाकी हैं ।
05. शहडोल संभाग– कुल 20 रैली करनी थी, 15 रैली के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके है । 05 के प्रतिवेदन प्राप्त होना बाकी हैं ।
06. रीवा संभाग– कुल 20 रैली करनी थी, 09 रैली के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके है । 11 के प्रतिवेदन प्राप्त होना बाकी हैं ।
07. भोपाल संभाग– कुल 25 रैली करनी थी, 17 रैली के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके है । 08 के प्रतिवेदन प्राप्त होना बाकी हैं ।
08. मुरैना संभाग– कुल 15 रैली होनी थी, 08 रैली के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके है । 07 के प्रतिवेदन प्राप्त होना बाकी हैं ।
09. सागर संभाग– कुल 25 रैली होनी थी, 14 रैली के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके है । 11 के प्रतिवेदन प्राप्त होना बाकी हैं ।
10. ग्वालियर संभाग– कुल 25 रैली होनी थी, सभी सम्पन्न हो चुकी है । 18 के प्रतिवेदन प्राप्त हो चुके है । 07 के प्रतिवेदन प्राप्त होना बाकी हैं ।

सभी संभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि 20 दिसंबर तक रिपोर्ट/प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भेजे । इसके बाद राशि वापस करना होगी । अंतिम तिथि पश्चात् कोई रिपोर्ट स्वीकार नहीं होगी ।

**(03) अनुसूचित जाति कब–बुलबुल, द्वितीय चरण/रजत चरण प्रशिक्षण द्वितीय सोपान, तृतीय सोपान शिविर।**

डॉ बलवान सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर (स्काउट/गाइड) ने अवगत कराया कि ग्वालियर संभाग को छोड़कर अन्य स्थान से कोई प्रस्ताव नहीं है ।

**जबलपुर संभाग –** ए एस.ओ.सी. ने अवगत कराया कि हमने कुछ प्रस्ताव दिये है एवं राज्य मुख्यालय द्वारा प्रस्ताव स्वीकार किये हैं ।

**इंदौर संभाग –** पूर्व का समायोजन/हिसाब बाकी है । प्रतिभागियों की अधिक आयु के कारण पैसा वापस करेंगे । रजत पंख कैंप पूर्ण हो गया है ।

**मुरैना संभाग –** नवंबर तक हिसाब देना था । मुरैना ए एस ओ सी ने अवगत कराया कि हमें स्वीकृति दो–तीन दिवस पूर्व मिली है । अभी तिथि तय होना है ।

**सागर संभाग –** अवगत कराया गया कि 09 से 13 दिसंबर तक आवासीय विद्यालय में कैंप चल रहा है।

**भोपाल संभाग –** द्वितीय सोपान गाइड जाँच शिविर 15 दिसंबर से हैं तृतीय सोपान भी भोपाल एवं विदिशा में अलग–2 होना है ।

निर्देशः– सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि कैंप दिनांक परिवर्तन होने पर सूचना राज्य मुख्यालय को अनिवार्यतः दी जाकर स्वीकृति प्राप्त की जावे । साथ ही निर्देश है कि संस्थाओं को देने के लिये जो राशि भेजी गई थी उसकी प्राप्तियाँ आज दिनांक तक अप्राप्त है । कब–बुलबुल कैंप हेतु अनुसूचित जाति विभाग का प्रस्ताव संभागों से नहीं आये है जबकि राशि भेजी गई है । अतः प्रस्ताव तुरंत भेजें अन्यथा राशि वापस करना होगी ।

## (04) यूनिसेफ कार्यक्रम

डॉ बलवान सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर (स्काउट/गाइड) ने अवगत कराया कि यूनिसेफ से प्राप्त राशि व्यय की जानकारी 30 नवंबर 2010 तक भेजने के निर्देश दिये गये थे परन्तु हिसाब मात्र दो–तीन डिवीजन से प्राप्त हुआ है।

| | | |
|---|---|---|
| **भोपाल संभाग** | – | |
| **ग्वालियर संभाग** | – | प्रतिवेदन दे दिया गया है । |
| **इंदौर संभाग** | – | अप्राप्त |
| **सागर संभाग** | – | अप्राप्त |
| **मुरैना संभाग** | – | प्रतिवेदन दे दिया गया है । |
| **जबलपुर संभाग** | – | प्रतिवेदन दे दिया गया है । |
| **होशंगाबाद संभाग** | – | प्रतिवेदन अप्राप्त । |
| **रीवा संभाग** | – | कार्यालय में श्री राजेश मेवाड़े को दिया गया है । |
| **उज्जैन संभाग** | – | प्रतिवेदन दे दिया गया है । |
| **शहडोल संभाग** | – | प्रतिवेदन दे दिया गया है । |

डॉ बलवान सिंह प्रोजेक्ट डायरेक्टर (स्काउट/गाइड) ने निर्देश दिये कि दिये गये हिसाब में कंपलीट रिपोर्ट होना चाहिये । कार्यक्रम की सूची, प्रतिभागियों की सूची, व्हाउचर्स, फोटो, पेपर कटिंग, टी.ए., बच्चों के हस्ताक्षर, सामान सूची आदि सभी आवश्यक जानकारी भेजी जानी चाहिये थी अतः सूची अपूर्ण है । पूर्ण कर 03 दिवस में दिनांक 15 दिसंबर तक अनिवार्यतः भेजें ।

इसी प्रकार डॉ सिंह ने समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को अवगत कराया की प्रत्येक क्षेत्र के प्रशिक्षण केन्द्र में छह–छह लैट्रिन एवं बाथरूम का निर्माण होना है । इस हेतु मैशन को प्रशिक्षण दिया जावेगा साथ ही एक प्लबंर की भी आवश्यकता होगी । अतः (1) जामठी (2) खरवई (3) गांधीनगर (4) अमरकंटक (5) गौर का चौपड़ा, पन्ना (6) ग्वालियर (7) ग्वालियर (8) चंद्रकेशर बांध स्थानों पर कार्य किया जाना है अतः आप इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करें एवं कारीगर, प्लंबर की व्यवस्था करें जिन्हें प्रशिक्षण दिया जा सके ।

### अन्य निर्देश

1. वयस्क प्रशिक्षण के संबंध में बेसिक स्काउट मास्टर और बेसिक मास्टर और एडवांस मास्टर की स्थिति बहुत खराब हैं। इसको सुधारने हेतु प्रयास किया जायें। तथा वहा के डी.ओ.सी. से पूछा जाये की वही वयस्क प्रशिक्षण क्यो नही हुआ। तथा जिन जिलो में डी.ओ.सी. हैं इसके बाद भी प्रशिक्षण नही हुआ, उन डी.ओ.सी. को पत्र भेजकर पूछा जाये कि किन कारणों से नही हुआ और क्यों ? इसका प्रतिवेदन आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावे ।
2. कोई भी शिविर या कार्य करने से पूर्व वेबसाईट पर संस्था के एवं डी.पी.आई. के कैलेण्डर का अवलोकन ए एस ओ सी भी करें ।
3. संचालक मण्डल में प्रशिक्षक किसी योग्य व्यक्ति को ही नियुक्त किया जायें।
4. शिविर के दौरान ए एस ओ सी भी शिविर की मॉनीटरिंग करें ।

5. 15 दिन में जहां से भी प्रतिवेदन प्राप्त नही होते हैं। उन्हें पत्र दे तथा व्यक्तिगत रूप से बात करें। 20 तारीख तक प्रतिवेदन नहीं आने पर नस्ती तैयार की जाकर प्रस्तुत की जावे ।
6. देवास में कोर्स क्यों नही हो रहे हैं, वहां के डी.ओ.सी. को पत्र दिया जायें, जिन जिलों में डी.ओ.सी. नहीं हैं उन जिलों मे ए एस ओ सी स्वयं डी.ओ.सी. के रूप में कार्य करें।
7. जहां कैम्प नहीं हो रहे हैं, उनके लिये पुनः प्रयास किया जायें एवं कैंप आयोजित किये जावे ।
8. स्थापना दिवस सभी जिलों में मनाया जाना अनिवार्य है ।
9. जिन जिलों में वुडवेजर नहीं हैं, वे राज्य मुख्यालय से सम्पर्क कर व्यवस्था करें तथा समीप के संभाग का भी सहयोग ले सकते हैं ।
10. द्वितीय सोपान जांच शिविर के प्रतिवेदन और सूची कब तक भेज देंगे, सूचना दें।
11. दिनांक 30 जनवरी तक पट्रोल लीडर कैम्पूरी जहां हुई हैं, उसका प्रतिवेदन एवं सूची भेजें। अगर यह जानकारी नही आती हैं, तो इस वर्ष की वेतन वृद्धि रोकी जायेगी। दिनांक 30 जनवरी तक इसके पंजीयन की राशि एवं सूची भेज देगें।
12. ए.एस.ओ.सी. यह तय करें कि कौन डी.ओ.सी. क्या कार्य करेगा और उनके द्वारा कार्य न किये जाने पर वेतन रोका जायेगा। जिन संभागों की रिपोर्ट नही आयेगी वहां के ए.एस.ओ.सी. एवं डी.ओ.सी. का वेतन रोका जायेगा। डी.ओ.सी. द्वारा जो भी कार्य किया जायें वह प्रतिवेदन के राज्य मुख्यालय में प्रस्तुत किया जायें। तत्पश्चात ही वेतन दिया जायेगा।
13. जिस भी संभाग द्वारा अच्छा कार्य किया जावेगा उसे पुरस्कृत किया जावेगा।
14. सभी जिलों को बैंक खाते एस.बी.आई. में खुलवाना अनिवार्य होगा। अभी तक कार्यवाही नहीं की गई है अतः शीघ्र कार्यवाही की जावे ।
15. बैठक कार्यवाही विवरण का अध्ययन करें एवं जानकारियाँ नियमित रूप से भेजते रहे । सभी ए.एस.ओ. सी. (स्काउट/गाइड) दूरभाष पर सतत् संपर्क में रहें ।
16. प्रोजेक्ट सम्बन्धी जानकारियाँ सीधे डॉ बलवान सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर (स्काउट/गाइड) को भेजी जावे।
17. कैंपो में प्रतिभागिता पूर्ण हों । परिपत्र के साथ प्रतिभागियों की सूची भी जारी की जावे ।
18. राज्य मुख्यालय द्वारा दिये गये फार्मेट में ही अनिवार्यतः जानकारी भेजी जावे ।
19. पूर्व एवं इस बैठक के मिनिटस (कार्यवाही विवरण) ही आगामी बैठक का एजेंडा होगा ।इसके क्रियान्वयन के साथ बैठक में उपस्थित हो ।

(प्रकाश दिसोरिया)
राज्य सचिव
भारत स्काउट एंव गाइड म.प्र

**पृष्ठ कमांकं/ 5902 /समीक्षा बैठक/10** **भोपाल दिनांक 14.01.2011**

**प्रतिलिपिः— सूचनार्थ ।**

**01 माननीय राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय, भोपाल म.प्र. ।**

**02 विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, राज्य मुख्यालय, भोपाल म.प्र. ।**

**03 परियोजना संचालक (स्काउट/गाइड), रा.मु., भोपाल म.प्र. ।**

**04 राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)/राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) रा.मु. भोपाल ।**

**05 समस्त शाखा प्रभारी राज्य मुख्यालय, भोपाल म.प्र. ।**

**06 समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)/जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) की ओर भेजकर निर्देश है कि बिंदुवार आवश्यक जानकारी/पालन प्रतिवेदन तत्काल भेजे ।**

(प्रकाश दिसोरिया)
राज्य सचिव
भारत स्काउट एंव गाइड म.प्र